गुरु घासीदास विश्वविद्यालय
(नैक द्वारा "A++" ग्रेड प्राप्त केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
कोनी, बिलासपुर–495009 (छ.ग.)
दूरभाष : 07752–260209, फैक्स : 07752–260154
ई–मेल : ggv.registrar@gmail.com, वेबसाईट : www.ggu.ac.in

Guru Ghasidas Vishwavidyalaya
(A Central University with "A++" Grade Accredited by NAAC)
Koni, Bilaspur-495009 (C.G.)
Phone : 07752-260209, Fax : 07752-260154
E-Mail : ggv.registrar@gmail.com, Website : www.ggu.ac.in

क्रमांक 535/बै.प्र./स्था.स./2025 बिलासपुर, दिनांक : 21-07-2025

प्रति,

**समस्त सम्माननीय सदस्यगण**
**All Hon'ble Members**
विद्यापरिषद् की स्थायी समिति,
Standing Committee of Academic Council
गुरू घासीदास विश्वविद्यालय,
Guru Ghasidas Vishwavidyalaya
बिलासपुर (छ.ग.)
Bilaspur (C.G.)

**विषय :–** विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की 214वीं बैठक दिनांक 21.07.2025 के कार्यवृत्त का प्रेषण।
**Subject :-** Dispatch of minutes of 214th meeting of Standing Committee of Academic Council dated 21-07-2025.

–––0–––

**महोदय/महोदया,**
**Sir/Madam**

विषयान्तर्गत, दिनांक 21.07.2025 को आयोजित विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की 214वीं बैठक का कार्यवृत्त अवलोकनार्थ एवं अभिलेख हेतु संलग्न प्रेषित है।

Under the subject, the minutes of the 214th meeting of the Standing Committee of the Academic Council held on 21-07-2025 is enclosed for perusal and record.

आदेशानुसार/By order,

**कुलसचिव (कार्यवाहक)**/Registrar (Acting)

पृ0 क्रमांक 536/बै.प्र./स्था.स./2025 बिलासपुर, दिनांक : 21-07-2025

**प्रतिलिपि/Copy to :–**

01. कुलपति के सचिव की ओर माननीय कुलपति महोदय के सूचनार्थ प्रेषित।
The Secretary to the VC for the information of the HVC.
02. कुलसचिव के निज सहायक की ओर कुलसचिव जी के सूचनार्थ प्रेषित।
The PA to the Registrar for inf ormation of the Registrar.
03. निदेशक, आईक्यूएसी/सहायक कुलसचिव–अकादमिक/प्रशासन/विकास/वित्त, प्रभारी विश्वविद्यालय वेब पटल की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
Director, IQAC/Assistant Registrar - Academic/Administration/Development/Finance/Incharge University website for information and necessary action.
04. कार्यालय प्रति।
Office Copy.

**कुलसचिव (कार्यवाहक)**/Registrar (Acting)

# गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

## विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की 214वीं बैठक दिनांक 21.07.2025 का कार्यविवरण

विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की 214वीं बैठक दिनांक 21.07.2025 को सायं 04.00 बजे प्रशासनिक भवन के सभा कक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक के प्रारम्भ में कुलसचिव (कार्यवाहक) ने सभी सदस्यों का स्वागत किया तत्पश्चात् कुलपति महोदय की अनुमति से बैठक प्रारम्भ हुई। बैठक में उपस्थिति निम्नानुसार रही :-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 आलोक कुमार चक्रवाल, कुलपति | अध्यक्ष |
| 2. | प्रो0 शरद चन्द्र श्रीवास्तव | सदस्य |
| 3. | प्रो0 सीमा राय | सदस्य |
| 4. | प्रो0 राजेन्द्र मेहता | सदस्य |
| 5. | प्रो0 सी.एस. बझलवार | सदस्य |
| 6. | प्रो0 ब्रजेश तिवारी | सदस्य |
| 7. | प्रो0 एस.सी. तिवारी | सदस्य |
| 8. | प्रो0 एच.एस. तिवारी | सदस्य |
| 9. | प्रो0 रामकृष्ण प्रधान | सदस्य |
| 10. | प्रो0 पी.पी. मूर्ति | सदस्य |
| 11. | डॉ0 नीधि संदल, प्रभारी अधिष्ठाता विधि विद्यापीठ | सदस्य |
| 12. | प्रो0 बी.डी. मिश्रा | सदस्य |
| 13. | प्रो0 संतोष कुमार प्रजापति, निदेशक–अनुसंधान एवं विकास प्रकोष्ठ | सदस्य |
| 14. | डॉ0 एम.एस. धपोला | सदस्य |
| 15. | डॉ0 सुबल दास | सदस्य |
| 16. | डॉ0 गीता मिश्रा | सदस्य |
| 17. | प्रो0 भारती अहिरवार, विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी–विकास | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 18. | प्रो0 अमित कुमार सक्सेना, निदेशक, आईक्यूएसी | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 19. | प्रो0 शैलेन्द्र कुमार, अधिष्ठाता–छात्र कल्याण | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 20. | डॉ0 सम्पूर्णानन्द झा, परीक्षा नियंत्रक | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 21. | प्रो0 बुद्धेश्वर प्रसाद सिंघरौल, वित्ताधिकारी | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 22. | प्रो0 एम.एन. त्रिपाठी, समन्वयक, राष्ट्रीय शिक्षा नीति – 2020 | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 23. | डॉ0 ए.के. शर्मा, ग्रंथपाल | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 24. | प्रो0 आलोक कुमार सिंह कुशवाहा, निदेशक, एमएमटीटीसी | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 25. | प्रो0 आर.के. चौबे, ओ.एस.डी. यांत्रिकी | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 26. | डॉ0 गणेश प्रसाद शुक्ला, विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी–भण्डार | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 27. | प्रो0 ए.एस. रणदिवे, कुलसचिव (कार्यवाहक) | सचिव |

निम्नानुसार सदस्य बैठक में उपस्थित नहीं हो सके :-

1. प्रो0 मनीष श्रीवास्तव,

बैठक के प्रारम्भ में कुलसचिव एवं अधिष्ठातागणों के द्वारा वर्तमान कुलपति प्रो0 आलोक कुमार चक्रवाल के नेतृत्व में विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की 100वीं बैठक आयोजित होने के उपलक्ष्य में कुलसचिव एवं अधिष्ठातागणों के द्वारा कुलपति महोदय को पुष्प गुच्छ भेंट कर अभिवादन किया गया, तदोपरान्त कुलपति महोदय द्वारा प्रेरणादायी उद्‌बोधन दिया गया तथा निम्नलिखित विषयों पर चर्चा उपरान्त निम्नानुसार निर्णय लिये गये :-

Ranadive
21-07-2025

21/07/2025

**विषय क्र.01** **विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की 213वीं बैठक दिनांक 15.07.2025 के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि पर विचार करना।**

निर्णय :— निर्णय लिया गया कि विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की 213वीं बैठक दिनांक 15.07.2025 के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि की जाय।

**विषय क्र. 02** **विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की 213वीं बैठक दिनांक 15.07.2025 के पालन प्रतिवेदन का अवलोकन करना।**

निर्णय :— विद्यापरिषद् की स्थायी समिति ने स्थायी समिति की 213वीं बैठक दिनांक 15.07.2025 के पालन प्रतिवेदन की सूचना ग्रहण की एवं कृत कार्यवाही की पुष्टि की।

**विषय क्र. 03.** **मानव विज्ञान और जनजातीय विकास विभाग के अध्ययन मण्डल की बैठक दिनांक 07.07.2025 द्वारा अनुशंसित B.A./B.Sc., M.A./M.Sc. तथा Pre-Ph.D. Coursework का अनुशंसित पाठ्यक्रम एवं अंक योजना के अनुमोदन पर विचार।**

निर्णय :— विद्यापरिषद् की स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि मानव विज्ञान और जनजातीय विकास विभाग के अध्ययन मण्डल की बैठक दिनांक 07.07.2025 द्वारा अनुशंसित B.A./B.Sc., M.A./M.Sc. तथा Pre-Ph.D. Coursework का अनुशंसित पाठ्यक्रम एवं अंक योजना का आंशिक संशोधन के साथ अनुमोदन किया जाय।

विद्यापरिषद् की स्थायी समिति ने यह भी निर्णय लिया कि संबंधित विभाग के विभागाध्यक्ष यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रस्तावित पाठ्यक्रम एवं अंक योजना प्रभावी अध्यादेश के प्रावधानों के अनुरूप हो।

**विषय क्र. 04.** **गुरु घासीदास विश्वविद्यालय में गौ सेवा योजना प्रारम्भ किये जाने के प्रस्ताव पर विचार।**

निर्णय :— विद्यापरिषद् की स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि गुरु घासीदास विश्वविद्यालय में गौ सेवा योजना प्रारम्भ किये जाने संबंधी प्रस्तुत प्रस्ताव पर पुनर्विचार एवं परीक्षण हेतु समिति गठित की जाय। समिति से प्रतिवेदन प्राप्त होने पर विषय विद्यापरिषद् की स्थायी समिति के समक्ष पुनः प्रस्तुत किया जाय।

स्थायी समिति ने यह भी निर्णय लिया कि समिति के सदस्य नामित किये जाने हेतु कुलपति महोदय अधिकृत रहेंगे।

**विषय क्र. 05.** **मानव विज्ञान एवं जनजातीय विकास विभाग, गुरु घासीदास विश्वविद्यालय द्वारा ट्राइबल आर्ट गैलेरी बनाने हेतु प्रस्ताव के संबंध में विचार।**

निर्णय :— विद्यापरिषद् की स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि मानव विज्ञान एवं जनजातीय विकास विभाग, गुरु घासीदास विश्वविद्यालय द्वारा ट्राइबल आर्ट गैलेरी बनाने संबंधी प्राप्त प्रस्ताव का अनुमोदन किया जाय एवं प्रस्तावित व्यय राशि 6,40,000/— की स्वीकृति प्रदान की जाय।

स्थायी समिति ने यह भी निर्णय लिया कि ट्राइबल आर्ट गैलरी में जिन वीर नायकों का उल्लेख किया जाना है, उनके नामों एवं उनके जीवन परिचय, शौर्य गाथा के परीक्षण हेतु समिति का गठन किया जाय।

स्थायी समिति ने यह और भी निर्णय लिया कि समिति गठित किये जाने एवं समिति के सदस्य नामित किये जाने हेतु कुलपति महोदय अधिकृत रहेंगे।

Kawadive
21-07-2025

21/07/2025

## अध्यक्ष की अनुमति से अन्य प्रकरण

**अ.अ.वि.क्र .01** विद्यापरिषद् की स्थायी समिति के समक्ष जी.जी.व्ही. मार्गदर्शिका (इन्फार्मेशन बुलेटिन) (2025–26) मसौदा प्रस्तुत किया गया। प्रस्तुत प्रस्ताव पर विचारोपरान्त स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि सामाजिक जुड़ाव से संबंधित विश्वविद्यालय द्वारा संचालित कार्यक्रमों के विवरण प्रसारण हेतु प्रस्तावित विवरणिका प्रारूप का अनुमोदन किया जाय। प्रारूपण समिति बैठक के दौरान सुझाये गये संशोधनों को विवरणिका प्रारूप में शामिल कर लिया जाय।

स्थायी समिति ने यह भी निर्णय लिया कि विवरणिका का नाम "जी.जी.व्ही. सामाजिक सम्पर्क विवरणिका (G.G.V. Social connect Bulletin)" रखा जाय तथा इसकी हिन्दी एवं आंग्ल भाषा में 500–500 प्रतियां मुद्रित की जाय।

माननीय अध्यक्ष महोदय एवं उपस्थित सदस्यों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन के पश्चात् बैठक संपन्न हुई।

Kandika 21/07/2025

**कुलसचिव (कार्यवाहक) / सचिव** **कुलपति / अध्यक्ष**